# अर्द्धवार्षिक परीक्षा –2024

कक्षा 12वीं

विषय– समाजशास्त्र

समय 3 घण्टा　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　पूर्णांक 80

---

निर्देश

(i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के लिए आबंटित अंक प्रश्न के सम्मुख अंकित हैं।

**प्रश्न 1** सही विकल्प चुनकर लिखिए　　　　　　　　　　　　　　6

(i) जनगणना 2011 का शुभंकर क्या था–

(अ) प्रगणक देश　　(ब) प्रगणक शिक्षिका

(स) प्रगणक वाक्य　　(द) प्रगणक अनुशासन

(ii) समाजशास्त्रियों के अनुसार–

(अ) बाजार आर्थिक संस्था है　　(ब) बाजार सामाजिक संस्था है

(स) बाजार आर्थिक और सामाजिक संस्था है　　(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(iii) वह प्रक्रिया जिसमें ग्रामीण क्षेत्र, शहरी क्षेत्रों में रूपांतरित हो जाता है क्या कहलाती है–

(अ) औद्योगिकरण　　(ब) नगरीयकरण

(स) समाजीकरण　　(द) एकीकरण

(iv) औद्योगिकरण से लाभ होता है–

(अ) व्यापार तथा राष्ट्रीय आय में वृद्धि　　(ब) राष्ट्र की आत्मनिर्भरता

(स) अन्धविश्वासों का अन्त　　(द) उपर्युक्त सभी लाभ

(v) विश्व व्यापार संघ का मुख्यालय कहाँ है–

(अ) जिनेवा में　　(ब) पेरिस में

(स) न्यूयार्क में　　(द) वियना में

(vi) भारत में सामाजिक आन्दोलन पुस्तक के लेखक हैं–

(अ) महादेव गोविन्द रानाडे　　(ब) ज्योतिबा फुले

(स) एम.एस.ए. राव　　(द) नामदेव धसाल

**प्रश्न 2** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए　　　　　　　　　　　　　　6

(i) आर्थिक क्रियाओं का उद्देश्य ______________ होता है।

(ii) हरित क्रान्ति से ______________ के आयातों में कमी हुई है।

(iii) मूल रूप से औद्योगिकरण ______________ विकास की एक प्रक्रिया है।

(iv) ______________ ने सर्व प्रथम जाति प्रथा को सुधारने का प्रयास किया।

(v) भारत सांस्कृतिक दृष्टि से ______________ राष्ट्र है।

(vi) नगरीकरण ने शिक्षा का ______________ किया है।

**प्रश्न 3** सत्य/असत्य कथन लिखिए　　　　　　　　　　　　　　6

(i) नैसर्गिक प्रतिबन्ध प्रो. डॉल्टन की अवधारणा है।

(ii) न्यूयार्क, लंदन तथा टोकियो को वित्तिय राजधानी कहा जाता है।

(iii) कई उद्योगों में कामगार प्रवासी होते हैं।

(iv) प्रत्येक समाज की अपनी एक संस्कृति होती है।

(v) सामाजिक आंदोलन किसी विशिष्ट उद्देश्य की ओर निर्देशित नहीं होते।

(vi) उदारीकरण की नीति का प्रारंभ सन् 1994 में हुआ।

प्रश्न 4 सही जोड़ियाँ मिलाइए 7

| | "अ" | | "ब" |
|---|---|---|---|
| (i) | नगरीय समुदाय | (i) | 1955 |
| (ii) | ज्योतिबा फुले | (ii) | डॉ.बी.एस.गुहा |
| (iii) | जनजातियों का प्रजातीय वर्गीकरण | (iii) | दलित जातियाँ |
| (iv) | धार्मिक स्वतंत्रता | (iv) | सामाजिक गतिशीलता |
| (v) | श्रीमती एनी बेसेन्ट | (v) | सन् 1951 |
| (vi) | जमींदारी उन्मूलन | (vi) | थियोसोफिकल सोसाइटी |
| (vii) | रामास्वामी नायकर | (vii) | आत्म–सम्मान आन्दोलन |

प्रश्न 5 एक शब्द / वाक्य में उत्तर लिखिए 7

(i) व्यक्ति की जाति का निर्धारण किससे होता है?

(ii) राष्ट्रीय एकता में सर्वप्रथम बाधक तत्व क्या है?

(iii) वंशानुक्रम की दृष्टि से परिवार कैसा होता है?

(iv) औद्योगिक क्रांति सर्वप्रथम किस देश में हुई?

(v) मुद्रित संचार माध्यमों के मुख्य उदाहरण क्या हैं?

(vi) प्रति हजार पुरूषों पर स्त्रियों की संख्या को क्या कहा जाता है?

(vii) चाय–उद्योग की स्थापना भारत में कब हुई?

प्रश्न 6 जनसंख्या विस्फोट किसे कहते हैं? 2

अथवा

भारत में जनांकिकी की दो विशेषताएँ लिखिए?

प्रश्न 7 नातेदारी से क्या आशय है? 2

अथवा

अक्षमता से आप क्या समझते हो?

प्रश्न 8 लैंगिक विभेद किसे कहते हैं? 2

अथवा

क्षेत्रवाद से आप क्या समझते हो?

प्रश्न 9 राज्य क्या है? 2

अथवा

नागरिक समाज किसे कहते हैं?

प्रश्न 10 पंथनिरपेक्षता से आप क्या समझते हो? 2

अथवा

सम्प्रदाय क्या है?

प्रश्न 11 प्रदत्त पहचान से आप क्या समझते हो? 2

अथवा

संरचनात्मक परिवर्तन से क्या अभिप्राय है?

प्रश्न 12 चाय बागानों में श्रमिकों की नियुक्ति कैसे की जाती है? 2

अथवा

प्रभु जाति किसे कहते हैं?

प्रश्न 13 औद्योगिक समाज की कोई दो विशेषताएँ बताइए? 2

अथवा

विनिवेश किसे कहते हैं?

प्रश्न 14 हड़ताल तथा तालाबंदी किसे कहते हैं? 2

अथवा

मिश्रित अर्थव्यवस्था किसे कहते हैं?

प्रश्न 15 कॉल सेन्टर क्या है? 2

अथवा

नियोजित औद्योगिकरण से क्या आशय है?

प्रश्न 16 भारत में जनसंख्या वृद्धि के कारण लिखिए? 3

अथवा

ग्रामीण और नगरीय समुदाय के विभाजन को स्पष्ट कीजिए?

प्रश्न 17 मिश्रित अर्थव्यवस्था किसे कहते हैं? 3

अथवा

भारत में स्वतंत्रता के प्रारंभिक वर्षों में औद्योगिकरण कैसा था?

प्रश्न 18 उदारीकरण की आर्थिक नीति पर प्रकाश डालिए? 3

अथवा

संस्कृति पर भूमण्डलीकरण के प्रभाव की संक्षेप में चर्चा कीजिए?

प्रश्न 19 क्रांतिकारी आंदोलन किसे कहते हैं? 3

अथवो

वर्ग आधारित कृषक आंदोलन की भूमिका स्पष्ट कीजिए?

प्रश्न 20 भारत में जनसंख्या वृद्धि के कोई चार कारण का उल्लेख कीजिए? 4

अथवा

अनुसूचित जनजाति की प्रमुख समस्याएँ क्या हैं? प्रकाश डालिए।

प्रश्न 21 समाज में महिलाओं की निर्बल स्थिति के प्रमुख कारणों का उल्लेख कीजिए? 4

अथवा

पिछड़े वर्गों की प्रमुख समस्याएँ बताइएँ व पिछड़े वर्गों के विकास हेतु सरकार द्वारा किए गए प्रयत्नों को स्पष्ट कीजिए?

प्रश्न 22 भारतीय संविधान की प्रमुख विशेषताएँ बताइए? 4

अथवा

राजनीति दल की क्या विशेषताएँ हैं व इसके कार्य लिखिए?

प्रश्न 23 भारत में हरित क्रांति और इसके प्रभावों को स्पष्ट कीजिए? 4

अथवा

भूमि सुधार का अर्थ, उद्देश्य एवं भूमि सुधार से उत्पन्न परिवर्तनों की विवेचना कीजिए?